डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1566/2026 दिनांक : 08 /06/2026

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

2. समस्त विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्रभारी
आवासीय इकाई।

विषयः केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांक 05 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक संचालित समेकित जन–कल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया शासन के पत्र संख्या 575/सत्तर–3–2026–1973533 दिनांक 04.06.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांक 05 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर समेकित जन–कल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान संचालित किया जाना है।

उक्त अभियान का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, सुशासन एवं लोकहितकारी उपलब्धियों का व्यापक प्रचार–प्रसार करना, पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से जन–जागरूकता को सुदृढ़ करना है। अभियान के समस्त कार्यक्रम "सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान" की भावना के अनुरूप संचालित किये जाने हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप अपने महाविद्यालय स्तर पर छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जन–जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, युवा संवाद, जनहितकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार तथा अन्य निर्धारित गतिविधियों का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि समस्त कार्यक्रम सादगी, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के सिद्धान्तों के अनुरूप सम्पन्न हों। आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण, फोटोग्राफ्स एवं अनुपालन आख्या विश्वविद्यालय को निम्न ई–मेल आईडी dswdbrau@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे समेकित सूचना शासन को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः शासनादेश की प्रति।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रो० बी0एस0 शर्मा, **(अधिष्ठाता छात्र कल्याण)** एस0एल0एस0 संस्थान, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि संकलित सूचना ससमय शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett